आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – देश की अर्थव्यवस्था को विकसित करने की बड़ी जिम्मेदारी युवाओं पर है।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को आतंकवाद रोधी अभियानों और गतिविधियों की लाइव कवरेज से दूर रहने की सलाह दी है।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के लिए "राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति" नामक एक योजना शुरू की गई है।
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बढ़ते नशा सेवन के खतरे से निपटने के लिए मानस पोर्टल हेल्पलाइन की शुरूआत की है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं, तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों में और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे।

प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 के बारे में भी कहा कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं।

श्री मोदी ने कहा कि देश की महिलाएं नौकरशाही, अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला आज देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री कल दिन के 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद रोधी अभियानों और सुरक्षाबलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से दूर रहने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने मीडिया से रक्षा अभियानों या गतिविधियों से संबंधित स्रोत आधारित सूचना पर रिपोर्टिंग करने से भी दूर रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि समय से पहले ही संवेदनशील सूचनाओं का खुलासा देश विरोधी तत्वों के लिए सहायक साबित हो सकता है और अभियानों के प्रभाव और सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। मंत्रालय ने कहा है कि विगत की घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को उजागर किया है। करगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमलों तथा कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान अनियंत्रित कवरेज ने राष्ट्रीय हितों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया था।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और आई टी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के दिशा–निर्देश और ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। हाल ही में सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 22 हजार 919 करोड़ रुपये के निवेश के साथ इस योजना को मंजूरी दी थी। पहली मई से ऑनलाइन माध्यम से इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में पांच गुना और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में छह गुना की वृद्धि हुई है।

<><><><><><><><><><>

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, की ओर से समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के शैक्षिक सशक्तिकरण और सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए "राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति" नामक एक योजना शुरू की गई है। यह योजना अनुसूचित जाति, जनजाति, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगर समुदायों से संबंधित कम आय वाले छात्रों के लिए शुरू की गई है। इस योजना से छात्रों को मास्टर या पीएचडी डिग्री के लिए विदेश में शीर्ष 500 क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग वाले शैक्षणिक संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता प्राप्त होती है। वर्ष 2025–26 के पहले दौर के लिए आवेदन जमा करने के लिए अब यह पोर्टल 29 अप्रैल से 2 मई तक 4 दिनों के लिए फिर से खोला जाएगा, ताकि जिन उम्मीदवारों ने पहले ही अपने आवेदन जमा किए हैं, वे जमा किए गए आवेदनों में सुधार कर सकें।

<><><><><><><><><><>

विदेश मंत्रालय इस वर्ष जून से अगस्त के दौरान कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन करेगा। मंत्रालय ने कहा कि श्रद्धालुओं के जत्थे उत्तराखंड के लिपुलेख और सिक्किम के नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यह यात्रा करेंगे। मंत्रालय की वेबसाइट kmy.gov.in पर यात्रा के लिए आवेदन किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि यात्रियों का चयन निष्पक्ष कंप्यूटर रेंडम माध्यम से किया जाएगा।

<><><><><><><><><><>

भारत सरकार के अधीन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ते नशा सेवन के खतरे से निपटने के लिए मानस पोर्टल के तहत दो समर्पित हेल्पलाइन शुरू की हैं। यह पहल नागरिकों को चौबीसों घंटे सातों दिन सुविधा प्रदान करता है। मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 14416 या 1–800–891–4416 और नशीले पदार्थ नियंत्रण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1933 डायल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार अभिलेखागार में अभिलेखागार सचिव स्मिता आर ने शोधार्थियों के लिए एक पूर्ण सुसज्जित संदर्भ कक्ष का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य छात्रों, शोधकर्ताओं और आम जनता के लिए शोध के अवसरों को बढ़ाना था। सचिव ने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों, विशेष रूप से स्थानीय कॉलेजों के इतिहास के छात्रों से अभिलेखागार का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने छात्रों से सार्वजनिक अभिलेख नियम, 1997 के प्रावधानों के अनुसार शोधार्थियों के रूप में नामांकन करने का आग्रह किया, ताकि द्वीपों की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत के बारे में जानकारी मिल सके।

<><><><><><><><><><>

एएनएम प्रशिक्षण विद्यालय की ओर से हैडो स्थित स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र में गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भावस्था एवं स्तनपान के दौरान उचित पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें माँ एवं बच्चे के संतुलित आहार पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर वार्ड नम्बर 2 के पार्षद सोमेश्वर राव मुख्य अतिथि थे, जबकि हैडो की चिकित्सा अधिकारी डॉ. रशीदा बानू सम्माननीय अतिथि थीं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने गर्भवती महिलाओं में एनीमिया को कम करने के लिए संतुलित आहार एवं आहार उपायों के महत्व पर जानकारी दी।

<><><><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के लड़कों के अंडर–17 और अंडर–15 के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आज भातूबस्ती स्कूल मैदान में खेले गए पहले फाइनल मैच में अंडर–15 में विवेकानन्द केन्द्र लम्बा लाईन ने स्कूल लाईन स्कूल को एक–शून्य से हराया। दूसरे फाइनल मैच में अंडर–17 लड़कों की श्रेणी में केन्द्रीय विद्यालय नम्बर 1 की टीम ने प्रातरापुर स्कूल को एक–शून्य से पराजित किया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक, खेल इरशाद अहमद और युवा मामले एवं खेल विभाग के सहायक निदेशक बिश्वनाथ सेन मुख्य अतिथि थे। उन्होंने टूर्नामेंट के विजेताओं और उप–विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किए।

<><><><><><><><><><>